यीशुः जो आने वाला है

क्रूस पर चढ़ाए जाने से कुछ देर पहले, यीशु ने अपने चेलों को बताया था, ''... मैं तुम्हारे लिए जगह तैयार करने जाता हूं। और यदि मैं जाकर तुम्हारे लिए जगह तैयार करूं, तो फिर आकर तुम्हें अपने यहां ले जाऊंगा, कि जहां मैं रहूं वहां तुम भी रहो'' (यूहन्ना 14:2, 3)। उसके स्वर्ग पर उठा लिए जाने के तुरन्त बाद, दो स्वर्गदूतों (''सफ़ेद कपड़े पहने पुरुषों'') ने उसके चेलों को दर्शन दिया और कहा, ''हे गलीली पुरुषो, तुम क्यों खड़े स्वर्ग की ओर देख रहे हो? यही यीशु, जो तुम्हारे पास से स्वर्ग पर उठा लिया गया है, जिस रीति से तुमने उसे स्वर्ग को जाते देखा है उसी रीति से वह फिर आएगा'' (प्रेरितों 1:11)।

द्वितीय आगमन के सम्बन्ध में गलतियां

यद्यपि द्वितीय आगमन तो निश्चित है, परन्तु इस बहु अनुमानित घटना के सम्बन्ध में बहुत सी गलत शिक्षाएं दी गई हैं। हर एक मसीही को यीशु के वापस आने के बारे में बाइबल की शिक्षाओं की समझ होनी चाहिए ताकि वह बाइबल के बाहर से लगाए जाने वाले अनुमानों से भ्रमित न हो।

''वह तो आ भी चुका है''

एक गलत शिक्षा जिसका पौलुस ने ज़ोरदार विरोध किया था वह यह थी कि प्रभु का दिन तो आ चुका है:

> हे भाइयो, हम अपने प्रभु यीशु मसीह के आने, और उसके पास अपने इकट्ठे होने के विषय में तुम से बिनती करते हैं कि किसी आत्मा, या वचन, या पत्री के द्वारा जो कि मानो हमारी ओर से हो, यह समझकर कि प्रभु का दिन आ पहुंचा है, तुम्हारा मन अचानक अस्थिर न हो जाए; और न तुम घबराओ (2 थिस्सलुनीकियों 2:1, 2)।

लोग यह नहीं कह रहे थे कि प्रभु का दिन ''निकट'' है या ''बहुत ही निकट'' है, बल्कि 2 थिस्सलुनीकियों लिखने के समय, 51 ईस्वी में यह कहा जा रहा था कि वह दिन तो आ भी चुका है।

इस गलत शिक्षा का वर्णन करते हुए आत्मा के वचन का मूल अर्थ है कि प्रभु का दिन ''आ खड़ा है,'' परन्तु अधिक सरल भाषा में इसका हिन्दी अनुवाद ''आ पहुंचा है'' किया गया है। यही शब्द 1 कुरिन्थियों 3:22 और रोमियों 8:38 में मिलता है जहां इसका अनुवाद

''वर्तमान'' किया गया है। इसलिए, 2 थिस्सलुनीकियों 2:2 में इसका सही अनुवाद यह होगा कि किसी ने कहा था कि प्रभु का दिन वर्तमान था अर्थात यह पहले ही एक वास्तविकता बन चुका था।

प्रभु के दिन की वर्तमान वास्तविकता के पहली शताब्दी के पक्षधर इस बात से अनजान थे कि उस दिन आकाश में प्रभु स्पष्ट दिखाई देगा (प्रेरितों 1:9-11)। वे उस धर्मत्याग से भी अनजान थे जो प्रभु का दिन आने से पहले होना आवश्यक है (2 कुरिन्थियों 2:3)।

''वह तुरन्त आ रहा है''

मसीह के वापस आने के सम्बन्ध में थिस्सलुनीकियों की दूसरी गलती यह थी कि यह सन्निकट, अर्थात ऊपर लटकता, और भयभीत करने वाला था। ''वर्तमान वास्तविकता'' की गलत शिक्षा को गलत साबित करते हुए, पौलुस ने बताया कि द्वितीय आगमन से पहले क्या होना आवश्यक है। इतना कुछ होने वाला था कि प्रभु का दिन 51 ई. में नहीं आया हो सकता (देखिए 2 थिस्सलुनीकियों 2:1-12)। निस्संदेह 51 ईस्वी से ही बहुत बड़ा धर्मत्याग आरम्भ हुआ और वह धर्मत्याग प्रभु के आने के दिन तक रहेगा (2 थिस्सलुनीकियों 2:8)। इसलिए कोई भी यह नहीं कह सकता कि प्रभु का दिन किसी विशेष पीढ़ी के समय आ रहा है। वह दिन एक चोर की तरह आएगा (1 थिस्सलुनीकियों 5:1, 2); अर्थात यह अनापेक्षित और अकस्मात होगा। इस कारण प्रभु के लौटने के सन्निकट होने के दावों को प्रमाणित नहीं किया जा सकता है। वास्तव में, जब कोई यह सिखा रहा होता है कि प्रभु का लौटना एक विशेष पीढ़ी में होगा, तो यह जानने का वह एक ठोस कारण हो सकता है कि वह उस पीढ़ी में *नहीं* आएगा। यीशु ने कहा था, ''उस दिन और उस घड़ी के विषय में कोई नहीं जानता; न स्वर्ग के दूत, और न पुत्र, परन्तु केवल पिता'' (मत्ती 24:36); ''क्योंकि जिस घड़ी के विषय में तुम सोचते भी नहीं हो, उसी घड़ी मनुष्य का पुत्र आ जाएगा'' (मत्ती 24:44)।

''पौलुस को उसके लौटने तक जीवित होने की आशा थी''

यीशु के लौटने के सम्बन्ध में तीसरी गलती लोगों का यह विचार है कि पौलुस प्रभु के आने के समय जीवित होने की उम्मीद करता था। उनका यह मानना इसलिए है क्योंकि पौलुस ने 1 थिस्सलुनीकियों 4:15 में प्रथम पुरुष का इस्तेमाल किया है। इसी तर्क से, कोई यह निष्कर्ष निकाल सकता है कि पौलुस प्रभु के आने के समय मरा होने की उम्मीद करता था, क्योंकि उसने 1 कुरिन्थियों 6:14 और 2 कुरिन्थियों 4:14 में जी उठे मुर्दों के लिए प्रथम पुरुष का इस्तेमाल किया है।

वास्तव में पौलुस ने विशेष तौर पर अपनी व्यक्तिगत स्थिति की चर्चा नहीं की थी। परन्तु उसने धर्म त्याग की बात अवश्य की जिसने धीरे-धीरे बढ़ना था। यह धर्म त्याग तब तक कुछ समय अन्दर ही अन्दर होना था जब तक बढ़कर यह शक्तिशाली न हो जाता। पौलुस का इसके प्रति सचेत होने का अर्थ है कि वह प्रभु के पहुंचने पर जीवित होने की

आशा नहीं करता था।

''प्रभु का आना दो चरणों में होगा''

द्वितीय आगमन के सम्बन्ध में चौथी गलती आज के कुछ लोगों का यह दावा है कि प्रभु सात वर्ष के अन्तराल में दो बार दिखाई देगा। कहा जाता है कि यीशु अपने *parousia* (पेरोसिया)[1] में अपने संतों के लिए आएगा जब वह मुर्दों को जिलाकर उन्हें जीवित करेगा, और फिर सात वर्ष बाद पुन: अपने *epiphaneia* (एपिफेनिया) में अपने संतों के साथ प्रकट होगा। इस झूठी शिक्षा के अनुसार, यीशु के आने के सात वर्षों के दौरान पृथ्वी पर बड़े कष्ट होंगे और पवित्र लोग रैप्चर[2] में रहेंगे। सात वर्षों के अन्त में, प्रभु के अपने एपिफेनिया में पृथ्वी पर लौटने और एक हज़ार वर्ष का राज्य करने के लिए लौटने की अपेक्षा की जाती है जिसके अन्त में वह दुष्ट मृतकों को जिलाएगा।

इस थ्योरी के लिए मूल शब्दों में समर्थन ढूंढ़ा जाता है। कहा जाता है कि पवित्र आत्मा ने विशेष रूप से प्रभु के दूसरी बार आने के दो चरणों के वर्णन के लिए दो शब्दों *पेरोसिया* और *एपिफेनिया* की प्रेरणा दी थी। परन्तु *पेरोसिया* का इस्तेमाल मानवीय जीव के आने के सम्बन्ध में (2 कुरिन्थियों 7:6), पापी मनुष्य के पहुंचने (2 थिस्सलुनीकियों 2:9) और बैतलेहम में प्रभु के प्रथम आगमन (2 पतरस 1:16) के साथ-साथ संसार के अन्त में प्रभु के द्वितीय आगमन (1 कुरिन्थियों 15:23) के लिए किया जाता है। इसलिए कोई इस बात की पुष्टि नहीं कर सकता कि *पेरोसिया* शब्द का इस्तेमाल विशेष रूप से प्रभु के द्वितीय आगमन के कथित पहले चरण का वर्णन करने के लिए किया गया था।

इसी प्रकार, एपिफेनिया शब्द का इस्तेमाल बैतलहम में प्रभु के पहले आगमन (2 तीमुथियुस 1:10) के साथ-साथ संसार में उसके द्वितीय आगमन (1 तीमुथियुस 6:14) को बताने के लिए किया जाता है। इसलिए यह दावा करना गलत है कि *एपिफेनिया* शब्द प्रभु के द्वितीय आगमन के कथित पहले चरण का वर्णन करने के लिए एक तकनीकी शब्द है।

इसके अलावा, पेरोसिया में, गलत थ्योरी है कि यीशु अपने संतों *के लिए* आ रहा है, जबकि वास्तव में वह अपने संतों *के साथ* आएगा (1 थिस्सलुनीकियों 3:13; 4:14)। संत अर्थात पवित्र लोग (यू.: *hagioi*) जो प्रभु के साथ आएंगे, स्वर्गदूत हो सकते हैं (2 थिस्सलुनीकियों 1:7; यहूदा 14) या वे मरे हुए मसीही लोगों की आत्माएं हो सकती हैं जो अपने शारीरिक रूपों से मिलकर बदलने के लिए स्वर्गलोक से आएंगे। वे स्वर्गदूत हैं या परमेश्वर के मरे हुए लोगों की आत्माएं, ऐसी कोई शिक्षा नहीं है कि *एपिफेनिया* में उनका आना विशेष रूप से *पेरोसिया* से भिन्न है।

1 थिस्सलुनीकियों 4:16 में ''जो मसीह में मरे हैं'' को मसीह से बाहर मरने वालों से अलग नहीं दिखाया गया, जैसा कि इसकी गलत थ्योरी बनाई गई है। बल्कि, पौलुस मसीह में मरे हुओं और मसीह में जी रहे लोगों में अन्तर कर रहा था (1 थिस्सलुनीकियों 4:15)। इस संदर्भ में, पौलुस केवल मसीही लोगों की चर्चा कर रहा था। वह कह रहा था कि जीवित मसीही मरे हुए मसीहियों से पहले प्रभु से मिलने के लिए पृथ्वी नहीं छोड़ेंगे। पहला

थिस्सलुनीकियों 4 अध्याय मसीह से बाहर के लोगों की बात नहीं करता, चाहे वे जीवित हों या मरे हुए।

द्वितीय आगमन की विशेष बातें

एक पूर्व शर्त

पौलुस ने पुष्टि की कि द्वितीय आगमन की पूर्व शर्त पहले से अस्तित्व में असमानता का बढ़ना था। यह लहर, जो पौलुस के लिखने के समय दबी हुई थी, बहुत बढ़ जानी थी परन्तु प्रभु के द्वितीय आगमन के समय नष्ट हो जानी थी (2 थिस्सलुनीकियों 2:1-12)।

दुष्टता का रहस्य अर्थात पाप का मनुष्य पौलुस के दिनों में भी काम कर रहा था। निश्चय ही वह भी मसीह के विरोधियों में से एक है जिसका उल्लेख 1 यूहन्ना 2:18 में किया गया है, जिनमें से कुछ पहले ही आ पहुंचे थे। 2 थिस्सलुनीकियों 2 के अक्खड़ प्रेरित के धर्मत्याग में बहुत से गुण थे जो मसीह का विरोध करने वालों (मसीह विरोधी) में हैं। वह पाप का मूर्त रूप था जबकि यीशु धार्मिकता का। वह नाश होने वाले का पुत्र था जबकि मसीह शान्ति का राजकुमार था (प्रेरितों 3:15)। उसने परमेश्वर का विरोध किया था जबकि मसीह ने पिता की इच्छा को पूरा किया था।

पाप के मुनष्य और धर्म के मनुष्य दोनों का रहस्य रखने वालों (2 थिस्सलुनीकियों 2:6-8; 1 तीमुथियुस 3:16), आश्चर्यकर्म करने वालों (2 थिस्सलुनीकियों 2:9; यूहन्ना 5:19, 20) और *पेरोसिया* रखने वालों (2 थिस्सलुनीकियों 2:8, 9) के रूप में वर्णन किया जा सकता है। परन्तु पाप का मनुष्य प्रभु के *पेरोसिया* की चमक में नहीं रह सकता; उसका वध हो जाएगा।

पाप के मनुष्य के लिए बहुत से पहचान चिह्न सुझाए गए हैं; बहुत से लोगों ने उसे नीरो का नाम दिया है। 68 ईस्वी में उसकी मृत्यु पर, कुछ लोगों ने यह विचार त्यागने से इन्कार कर दिया था कि वह पौलुस की भविष्यवाणी का अधर्म का पुत्र था। यह कहते हुए कि वह फिर से उठ खड़ा होगा और मसीहियों को सताना जारी रखेगा ''नीरो रेडिविवस'' का मिथ बन गया। इसके विपरीत, नीरो तथा एक और उम्मीदवार, कलीगुला (जिसने यरूशलेम के मन्दिर में अपनी मूर्ति रखी थी), अयोग्य ठहरते हैं क्योंकि जब प्रभु आएगा तो उनके पास कोई शक्ति नहीं होगी। जिस दुष्टता की पौलुस ने भविष्यवाणी की थी वह प्रभु के आने तक रहेगी जब तक इसका वध नहीं होता। दूसरे लोग जिनका नाम लिया जाता है इसी प्रकार निकल पाते हैं क्योंकि यीशु के लौटने के समय वे सामर्थ में नहीं होंगे।

वह पहचान जिसने पाप के मनुष्य को दबाए रखा उसे भी अलग-अलग ढंग से बताया जाता है। कुछ लोगों ने पौलुस को उसे दबाने वाला समझा था। अन्यों ने सभी प्रेरितों को शामिल कर लिया है। कुछ लोगों ने 2 थिस्सलुनीकियों 2:7 पोपतन्त्र को बढ़ाने के लिए जर्मन या रोमी साम्राज्य का प्रयास कहा है। 476 ईस्वी में रोमी साम्राज्य के पतन के बाद, रोमी बिशप सत्ता की अपनी भूख मिटाने लग पड़े थे। दूसरी शताब्दी में तरतुलियम ने उस

दबाने वाले की व्याख्या इस प्रकार की: ''रोमी राज्य को छोड़ और कौन सी रुकावट है ... ?''[3] उसने यह भी कहा:

> सम्राटों की ओर से प्रार्थना करने की हमारी एक और बड़ी आवश्यकता है, ... क्योंकि हम जानते हैं कि सारी पृथ्वी पर एक बहुत बड़ा धक्का लगने वाला है वास्तव में, सब वस्तुओं का अन्त भयानक कष्ट की धमकी दे रहा है। जो केवल रोमी साम्राज्य के अस्तित्व से ही टल सकता है।[4]

अज्ञात रोकने वाले को निकाले जाने के बाद, अधर्म के पुत्र को शक्ति मिलनी थी। स्पष्टत: उसकी शक्ति मसीह के आने तक रहनी थी, जब उसका वध हो जाना था (2 थिस्सलुनीकियों 2:8)।

अनिन्दनीय मसीही

प्रभु के दिन यीशु का काम पूरी तरह से विनाशकारी नहीं होगा। उसके आने का सुखदायक पहलू पवित्र लोगों को उसका स्वागत करने व सब युगों के लोगों को छुड़ाना होगा। पौलुस चाहता था कि थिस्सलुनीके के मसीही उन छुड़ाए हुए लोगों में हों। उसने प्रार्थना की कि वे ''पूरी तरह से'' पवित्र हों और फिर अपनी प्रार्थना दोहराई: ''तुम्हारी आत्मा और प्राण और देह हमारे प्रभु यीशु मसीह के आने [*पेरोसिया*] तक पूरे पूरे और निर्दोष सुरक्षित रहें'' (1 थिस्सलुनीकियों 5:23)। वह अपने साथी मसीहियों को पूरी तरह से उसके प्रति समर्पित करना चाहता था जो सही हैं और वह चाहता था कि वे प्रभु के आने तक जीवित रहें या निष्कलंक रहते हुए मरें।

परिवर्तित अर्थात मसीही लोग मुकुटों के रूप में

अन्य कारणों में, पौलुस प्रभु के आने की राह इसलिए भी देखता था, क्योंकि तब उसने अपने थिस्सलुनीकी भाइयों को जो उसे बहुत ही प्रिय थे, देख पाना था। वह पूर्व अनुमान जिसे उसने आनन्द से भर दिया, वह ज्ञान था कि वह उन लोगों से फिर मिलेगा जिन्हें उसने मूर्तियों की ओर से सच्चे परमेश्वर की ओर मोड़ा था। जैसे ओलम्पिक दौड़ जीतने वाले के गले में फूलों के हार डाले जाते थे वैसे ही पौलुस ने कहा कि थिस्सलुनीके के लोग प्रभु के दिन उसकी महिमा का मुकुट कहलाने थे (1 थिस्सलुनीकियों 2:19)।

1 थिस्सलुनीकियों 2:19 का महत्व, जिसमें परिवर्तित अर्थात नये बने मसीही मुकुट बनते हैं, इस मान्यता के आधार पर लगता है कि पौलुस जानता था कि वे परिवर्तित कौन हैं। इसलिए मरने के बाद व्यक्तिगत पहचान की बात बाइबल का विचार है। शरीर तो नहीं रहता, परन्तु स्मरण रखने की योग्यता रहती है।

परमेश्वर का क्रोध

आनन्द और छुटकारा पाए हुओं की खुशी के साथ द्वितीय आगमन से जिस बात को

अलग नहीं किया जा सकता वह है दुष्टों और आज्ञा न मानने वालों पर परमेश्वर का क्रोध (1 थिस्सलुनीकियों 1:10; 4:6; 5:3; 2 थिस्सलुनीकियों 1:8, 9; 2:8)। कलीसिया के सदस्यों को यह जानकर कि प्रभु बुराई करने वालों से बदला लेता है, व्यभिचार के विषय में चेतावनी दी जाती है। इसके अलावा, वे लोग जो इस प्रकार का जीवन बिताते हैं जैसे प्रभु आएगा ही नहीं, उन्हें अचानक विनाश के लिए जागना पड़ेगा जैसे एक गर्भवती महिला को अचानक जनने की पीड़ाएं लगती हैं और वे इससे बच नहीं पाएंगे। सुसमाचार की आज्ञा मानने से इन्कार करने वाले सदा-सदा के विनाश में जाएंगे।

''विनाश'' शब्द को अक्षरश: नहीं लिया जाना चाहिए। यदि उन पापियों का वास्तव में ही विनाश हो जाए, अर्थात उनका अन्त हो जाए, तो सदा-सदा के लिए दण्ड तो नहीं हो सकता; अर्थात यह दण्ड तो उनके समाप्त होने के साथ ही खत्म होना था। फलस्वरूप, 2 थिस्सलुनीकियों 1:7-10 में ''विनाश'' शब्द का अर्थ दुखी होना है। उन लोगों को निश्चय ही दुख मिलेगा, परन्तु उनका नाश नहीं होगा।

आम धारणा के अनुसार ''मृत्यु'' की परिभाषा जुदाई है और इसमें कुछ सच्चाई भी है। वास्तव में, मृत्यु का अर्थ जीवन की अनुपस्थिति है। परमेश्वर के क्रोध के शिकार उसके सामने से दूर किए जाएंगे और अनन्त आग में कष्ट भोगेंगे, जो कि ऐसा संताप है जिसे मृत्यु ही कहा जाना चाहिए (''दूसरी मृत्यु''; प्रकाशितवाक्य 20:14), परन्तु यह सचमुच की मृत्यु नहीं है। ये लोग जीवित रहेंगे। वे (प्रकाशितवाक्य 9:6 वालों की तरह) नरक की आग से बचने के लिए मृत्यु को ढूंढ़ेंगे, परन्तु मृत्यु उनसे भाग जाएगी।

पाद टिप्पणियां

[1]दो बार प्रभु के दिखाई देने वाले आगमनों अर्थात उसके जन्म और उसके द्वितीय आगमन से उलझन में न पड़ें-उसके तीन दिखाई न देने वाले ''आगमन'' हैं: (1) जब कलीसिया की स्थापना हुई थी (देखिए मत्ती 10:23; 16:28); (2) यरूशलेम का विनाश (1 पतरस 4:7; याकूब 5:7; देखिए मत्ती 26:64); और (3) प्रत्येक मसीही पर (यूहन्ना 14:23; फिलिप्पियों 4:5)। यीशु के दूसरी बार प्रकट रूप से आने को सामान्यत: ''द्वितीय आगमन'' कहा जाता है। *पेरोसिया* के अलावा, इस भावी घटना को उसका *अपोकलुप्सिस* (''प्रकटीकरण''; 2 थिस्सलुनीकियों 1:7-10; 1 पतरस 1:3-13); उसका *एपिफेनिया* (''दिखाई देना''; 1 तीमुथियुस 6:14); और *he hemera kuriou (हे हमेरा कुरियाओ)* (''प्रभु का दिन''; 2 थिस्सलुनीकियों 2:2) भी कहा जाता है। अन्य शब्दों में, उसका *पेरोसिया,* उसका *अपोकलुप्सिस* और उसका *एपिफेनिया हे हमेरा कुरियाओ* के लिए ठहराए गए हैं (1 कुरिन्थियों 1:7, 8; 2 थिस्सलुनीकियों 2:1, 2, 8)। [2]प्रभु के साथ जाने को कोई रैप्चर के रूप में कह सकता है, परन्तु पौलुस के लिए यह सात वर्ष का समय नहीं बल्कि प्रभु के साथ ''सर्वदा'' रहना था (1 थिस्सलुनीकियों 4:17)। [3]*ऑन द रिज़रक्शन ऑफ़ द फ्लेश* टर्टूलियन 24. अलेग्जेंडर रॉबर्ट्स और जेम्स डोनाल्डसन, सम्पा., *द एंटि-नाईसीन फ़ादर्स: ट्रांसलेशन्ज़ ऑफ़ द राइटिंग्स ऑफ़ द फ़ॉदर्स डाउन टू. ए.डी. 325.* [4]टर्टूलियन *अपोलोजी* 32.

यीशु मसीह ने परमेश्वर होने का दावा किया।



एविडेंस दैट डिमांड्स ए वरडिक्ट
जोश मॅक्डावेल, से रूपान्तरित